भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 533

उत्तर देने की तारीख 28.11.2024

पीएमएएजीवाई के अंतर्गत ग्राम विकास योजनाएं

533. डॉ. सी. एम. रमेशः

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश राज्य से प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) के तहत 517 गांवों की पहचान की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि पीएमएएजीवाई 2021-22 में शुरू हुई और यदि हां, तो स्वीकृत ग्राम विकास योजना और अब तक जारी की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) आंध्र प्रदेश के सभी चिन्हित गांवों में पीएमएएजीवाई को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके):

(क) से (घ): अभिसरण दृष्टिकोण के माध्यम से विकास गतिविधियों को शुरू करने के लिए चयनित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 50% जनजातीय आबादी और 500 अनुसूचित जनजातियों वाले पात्र गांवों के एकीकृत विकास के लिए सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई)' शुरू की थी। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा इस योजना के तहत प्रति गांव 20.38 लाख रुपये (36,428 गांवों के लिए 7276 करोड़ रुपये) की राशि निर्धारित की गई थी और राज्यों को क्षेत्रीय केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकार के पास उपलब्ध केंद्रीय एसटीसी (अनुसूचित जनजाति घटक) और राज्य टीएसपी (जनजातीय उप योजना) निधियों के अभिसरण के साथ ग्राम विकास योजना बनाना अपेक्षित था। ग्रामीण विकास कार्यक्रम का उद्देश्य अंत्योदय मिशन के माध्यम से पहचान किए गए प्रत्येक चयनित गांव में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क (मोबाइल / इंटरनेट), स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप-केंद्र, पेयजल और बिजली से संबंधित अंतरों को दूर करना है। अब तक 17,656 वीडीपी अनुमोदित किए गए हैं और आज तक जारी की गई कुल निधियां 2357.50 करोड़ रुपये है। पीएमएएजीवाई योजना के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य से 517 गांवों को चिन्हित किया गया है। जिलेवार विवरण **अनुलग्नक** में हैं। तथापि, आंध्र प्रदेश ने प्रस्तावित गाँव के लिए वीडीपी प्रस्तुत नहीं किया है, इसलिए योजना के तहत निधियां राज्य को जारी नहीं की जा सकी। इसके अलावा, राज्य के पास एसएनए खाते में 110 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध है और 119.47 करोड़ रुपये का उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) लंबित है। इस प्रकार, उपरोक्त निधियों के उपयोग और यूसी की प्रस्तुति के बाद ही राज्य सरकार को निधियां जारी करना संभव होगा।

पीएम जनमन की सफलता से सीख लेकर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) शुरू किया गया है, जिसमें पीएमएएजीवाई के तहत कवर किए गए गांवों सहित 63000 से अधिक गांवों को कवर करेगा, जिसमें आंध्र प्रदेश के 878 गांव भी शामिल हैं, जैसा कि नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	राज्य का नाम	जिलों की संख्या	ब्लॉक की संख्या	गांवों की संख्या	कुल जनसंख्या	अजजा जनसंख्या	अजजा %
1	आंध्र प्रदेश	18	107	878	1113652	655450	58.86

राज्य सरकार को इन गांवों को डीए-जेजीयूए के तहत कवर करने की सलाह दी गई है, जो पीएमएएएजीवाई का अधिक संरचित संस्करण है, जिसमें संबंधित मंत्रालयों और राज्य विभागों से प्रमुख उपायों के लिए निधियां और संतृप्ति का समर्पित अभिसरण है। इसमें संबंधित मंत्रालयों/विभागों की विशिष्ट योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से बहु-क्षेत्रीय उपायों के लिए समर्पित निधियां प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। पीएमएएजीवाई में आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। इस मिशन के शुभारंभ के साथ, पीएमएएजीवाई के तहत नहीं किए जा सकने वाले अंतरों को दूर करने के उपायों को डीए-जेजीयूए के तहत निष्पादित किया जाना संभव है।

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए चिन्हित गांवों की जिलावार सूची

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**कुल गांव**
1.	अनंतपुर	4
2.	चित्तूर	1
3.	पूर्वी गोदावरी	69
4.	गुंटूर	6
5.	कृष्ण	7
6.	कुरनूल	2
7.	प्रकाशम	6
8.	श्रीकाकुलम	66
9.	विशाखापत्तनम	225
10.	विजयनगरम	104
11.	पश्चिम गोदावरी	26
12.	वाई.एस.आर.	1
कुल गांव		**517**

*****